Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 08-10-2022 अंक 366

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन, अपेम वेलफ़ेयर फाउंडेशन, पुस्तक भंडार एवं आरएस इंटरप्राइजेज की रही सहभागिता

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले 12 बच्चे हुए पुरस्कृत, सभी को मिला ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र



पेंटिंग प्रतियोगिता में शामिल छात्र एवं छात्राएं



विद्यालय परिवार को सम्मानित करते अपेम की टीम



सफल हुए छात्रों के साथ विद्यालय के शिक्षक व अपेम की टीम

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही देवचंदा मोड स्थित श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में अपेम वेलफेयर फाउंडेशन की अनुषंगी इकाई अपेम आर्ट एंड कल्चर तथा पुस्तक भंडार व आर एस इंटरप्राइजेज की ओर से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यालय के प्रथम कक्षा से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया चित्रकला प्रतियोगिता को 4 कैटेगरी प्राइमरी, लोअर सेकेंडरी, सेकेंडरी एवं हायर सेकेंडरी में बांटा गया। सभी कटेगरी के लिए चित्रकला हेतु अलग अलग थीम दिया गया। इस चित्रकला प्रतियोगिता का मुख्य विषय कक्षा सातवीं से दसवीं के लिए दीपावली और दुर्गापूजा । कक्षा चौथी से छठी के लिए स्वच्छ भारत अभियान एवं कक्षा प्रथम से तृतीय के लिए महापुरुष, लेखन प्रतियोगिता मुख्य विषय भ्रष्टाचार मुक्त भारत- विकसित भारत आदि रखा गया। निर्णायक मंडली के अनुसार सभी कटेगरी से टॉप थ्री प्रतिभागी का चयन किया गया। सभी को अपेम वेलफ़ेयर फाउंडेशन के चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, समाजसेवी रंजीत चंद्रवंशी, पुस्तक भंडार के संचालक शैलेंद्र गुप्ता, आरव एसव इंटरप्राइजेज के संचालक शुभम कुमार ने संयुक्त रूप से प्रमाणपत्र एव ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वाले प्रतिभागियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों में- निधि कुमारी, वंदना कुमारी, मिष्टी गुप्ता, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले में- दिव्या कुमारी, सोनल कुमारी, मेघा कुमारी , तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों में मानवी कुमारी, मोनिका कुमारी, बिंदिया कुमारी, साथ ही इस पूरे प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों में विद्या कुमारी, एम डी अली हसन एवं अंजली मेहता शामिल है। ओवरऑल प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मिस्टी कुमारी गुप्ता, विद्या कुमारी एवं बिंदिया कुमारी को अपेम आर्ट कल्चर की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं कलर बॉक्स देकर पुरस्कृत किया गया। वही पूरे स्कूल प्रबंधन को भी अपेम वेलफ़ेयर फाउंडेशन की ओर से प्रसंशा पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ अनिल कुमार ने कहा कि इन विधार्थियों ने आज अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया । इन सभी की प्रतिभा देखकर आज मैं चकित रह गया, मैं यह चाहता हूँ की बच्चे पढाई के साथ साथ इन क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन कर आगे बढ़े। विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं हैं ऐसे में उनकी इस प्रतिभा को सही मार्गदर्शन एवं दिशा के साथ-साथ अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व है जिस का निर्वाहन हम भली भांति कर रहे हैं। इन बच्चों ने अपनी सोच एवं सृजनशीलता का परिचय देते हुए अपनी सोच को कला के रूप में अभिव्यक्त किया । विद्यालय विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में कौशल का विकास व उनकी प्रतिमाओं का चहुमुखी विकास में पहल करता रहेगा।कार्यक्रम का संचालन अमरजीत कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन विवेक कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनू पंडित, सुभम कुमार एवं शिक्षकों का सहयोग रहा।

# 12 अक्टूबर को नगर भवन बरही में होगी विहिप की हज़ारीबाग़ विभाग की बैठक,राष्ट्रीय सह मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

## विभागीय बैठक की तैयारी को लेकर विहिप एव बजरंग दल की बैठक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में शामिल विहिप एवं बजरंग दल के लोग

विश्व हिंदू परिषद हजारीबाग विभाग की एक दिवसीय बैठक आगामी 12 अक्टूबर को नगर भवन बरही में आयोजित होगी । इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सह मंत्री अमरीश जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह जी उपस्थित होंगे। इस विभागीय बैठक को लेकर बरही विहिप की बैठक बरही स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय भवन में हुई। अध्यक्षता नंदकिशोर कुमार एवं संचालन प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने की। बैठक में कार्यक्रम में की जाने वाली तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। प्रखंड मंत्री ने उपरोक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में हजारीबाग विभाग यानी हजारीबाग, चतरा, कोडरमा एवं गिरीडीह जिले के लगभग 250 कार्यकर्ता भाग लेंगे। कार्यक्रम तीन सत्र में चलेगा। सभी कार्यकर्ताओं के लिए अल्पाहार, भोजन,पेयजल एवं अन्य व्यवस्था के लिए प्रखंड स्तर के सभी कार्यकर्ताओं को तन-मन-धन से सहयोग करना है। उस दिन सभी कार्यकर्ता प्रातः काल से ही सेवा कार्य में लगना है। नंदकिशोर कुमार ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता आप सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही संभव है। इस व्यवस्था बैठक में जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार, प्रखंड सह संयोजक नितेश कुमार, छोटकी बरही ग्राम अध्यक्ष उदय कुमार, रसोईया धमना पंचायत बजरंग दल संयोजक शंकर कुमार, प्रखंड धर्म प्रसार प्रमुख दशरथ यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष संजय राणा, अरविंद कुमार, पिंटू केसरी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे ।सबों ने एक स्वर में कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

# पिपराटांड़ के कठोती नदी पर एक साल बाद भी नही हुआ पुलिया का निर्माण, ग्रामीणों में नाराजगी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचुवा पंचायत के पीपराटांड़ में स्थित कठोती नदी पर एक वर्ष बाद भी पुलिया का निर्माण नही हो पाया है। मुखिया मूर्ति देवी ने बताया की एक वर्ष पूर्व सांसद जयंत सिन्हा एवं सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय को लिखित आवेदन देकर इस नदी पर पुल निर्माण कराने का की बात कही गई थी। परंतु एक साल बीत जाने के बाद भी पुल का निर्माण नही हो पाया है। जिससे कुटुमा के मंगराटोला, कुरहरिया, चलंगा एवं पीपराटांड़ के लगभग 3000 ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मुखिया मूर्ति देवी विधायक एवं सांसद से आग्रह किया है की जल्द से जल्द इस नदी पर पुल निर्माण कराया जाए। ताकि इस गंभीर समस्या से यहां के लोगो को छुटकारा मिल सके। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुडू, संतोष यादव, रवि कुमार सिंह, सुजीत किस्कू, नारायण हांसदा, संदीप रविदास, सोनू रविदास, सुरेंद्र पंडित, लालो सिंह, राम कुमार हांसदा, अशोक हंसदा, जगलाल हांसदा, निर्मल सिंह, धर्मराज सिंह एवं चंदन कुमार मौजूद थे।

APEM LIVE



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## ईद मिलाद-उल-नबी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना परिसर में शनिवार को ईद मिलाद उल नबी को लेकर थाना प्रभारी ललित कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक किया गया। बैठक के दौरान मुस्लिम समाज के कई बुद्धिजीवी शामिल हुए। वहीं बरही थाना प्रभारी ललित कुमार ने मुस्लिम धर्मावलंबियों से इस पर्व को शांति व सौहार्द के साथ मनाने का अपील किया। मौके पर मौजूद पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा की इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन पैगंबर मोहम्मद का जन्मदिन होने के कारण मुसलमान समाज इस पर्व को काफी धूम धाम और एहतराम के साथ मनाते है। इस पर्व को १ ईद - ए - मिलाद अथवा बरावफात के नाम से भी जाना जाता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन पर उन्हें याद करते हुए जुलूस भी निक. ालते है। मौके पर बरही थाना प्रभारी ललित कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, समाजसेवी भगवान केशरी, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, मलकोको मुखिया विजय यादव, तौकीर रजा, मो तस्लीम, विष्णुधारी महतो, बद्री साव, रिजवान अली, जितेंद्र गिरी सहित बरही थाना के दर्जनों सशस्त्र बल मौजूद थे।

## मेला देखकर लौटने के क्रम में ऑटो के चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार 5 लोग घायल,3 की स्थिति गंभीर

**अपेम लाइव : संतगांवा**
**विकाश पांडेय**



सतगावां थाना क्षेत्र के ईटाय के समीप शुक्रवार की संध्या 7 बजे एक अनियंत्रित ऑटो के चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल व 3 की स्थिति गंभीर होने का मामला प्रकाश में आया है बताया जाता है कि बेलाटांड़ निवासी रविन्द्र यादव के 6 वर्षीय पुत्र सरोज कुमार, निभा कुमारी उम्र 9 वर्ष विभा कुमारी उम्र 8 वर्ष व बच्चे के फुआ गोविंदपुर थाना क्षेत्र के थाली निवासी सरिता देवी उम्र 25 वर्ष,व फुफेरी बहन राधा कुमारी उम्र उम्र 8 वर्ष बासोडीह से शुक्रवार की संध्या मेला देखकर अपने घर बेलाटांड़ एक मोटरसाइकिल पर 6 लोग सवार होकर जा रही थी इसी क्रम में ईटाय टांड़ के समीप विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रहे अनियंत्रित ऑटो ने अपने चपेट में ले लिया जिसमें 4 छोटे-छोटे बच्चे के साथ 5 लोग घायल हो गए वहीं घायल लोगों को ग्रामीणों के सहयोग से एम्बुलेंस को फ़ोन कर सूचना दी गई जहाँ एम्बुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार किया गया वहीं सरोज कुमार, निभा कुमारी व विभा कुमारी की स्थिति गंभीर को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए कोडरमा रेफर किया वहीं निभा कुमारी की हालत नाजुक बताई जा रही है जिसे ऑक्सीजन लगाकर कोडरमा भेजा गया वहीं ग्रामीणों ने घटना का अंजाम देकर भाग रहे ऑटो को कब्जे में ले लिया है समाचार लिखे जाने तक सतगावां पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी

## पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के अगुवाई में आयोजित जन आक्रोश रैली में भारी भीड़





**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

चलकुशा : प्रखंड मुख्यालय के समक्ष विगत 25 दिनों से पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में 13 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है ।इस क्रम में शनिवार को हुए जन आक्रोश रैली में बरकट्ठा, चलकुशा, जयनगर, चंदवारा, इचाक, टाटीझरिया और दारू प्रखंड़ से बड़ी संख्या में लोग पहुँचकर पूर्व विधायक के मांगों का समर्थन किया और हमारी मांगे पूरी करो.., के नारों के साथ प्रखंड़ मुख्यालय के मुख्य द्वार पर बैठ गए ।अपने संबोधन में चलकुशा मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह ने कहा कि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के द्वारा जनता के ज्वलंत मुद्दों को लेकर धरना स्थल पर डटे हुए हैं और विगत पच्चीस दिनों से दिन-रात एक कर जनता जनार्दन के कल्याण हेतु 13 सूत्री मांग कर रहे हैं ।लेकिन जिला प्रशासन इनकी मांगों को पुरा नहीं कर रही बल्कि अनदेखी कर रही है उपस्थित समर्थकों ने कहा की यदि मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो रेल मार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग 02 बरकट्ठा जीटी रोड को जाम कर देंगे। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष चन्दन देवी, मुखिया संघ पूर्व अध्यक्ष बसन्त साव चलकुशा मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह,प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी,सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र मोदी, महावीर यादव,पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद,दशरथ यादव,पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव,मुखिया अजय यादव, मुखिया सुखदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि महेश साव,ककरचोली मुखिया अर्चना देवी,सतड़ीहा मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव,पंसस बाबुलाल यादव,पंसस प्रतिनिधि उमेश साव, बलराम राणा, बैजू यादव, उमेश यादव समेत बड़ी संख्या में समर्थक व ग्रामीण उपस्थित थे।

## तिलैया रोड नहर के पास सड़क की स्थिति काफी जर्जर

### कीचड़युक्त सड़क से हो रही है आवागमन, हो रही है परेशानी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कीचड़युक्त सड़क से हो रहीं है परेशानी

बरही चौक से मात्र 500 मीटर दूरी मे तिलैया रोड नहर के पश्चिम की ओर दिवंगत स्व गणेश राणा के घर वाली रोड की स्थिति बिल्कुल नारकीय है। यह क्षेत्र बेन्दगी पंचायत के उज्जैना गावं के अंतर्गत आता है। वर्तमान में हल्की बारिश में भी सड़क कीचड़ युक्त हो गया है। जिसके कारण इस मुहल्ले के लोगों को को इस रोड से घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है । इस मुहल्ले में 15 से 20 आवासीय मकान है। सड़क पक्कीकरन को लेकर केवल आश्वासन ही मिलता रहा है। विधायक मद से 200 फ़ीट पीसीसी बनाने की बात पिछले तीन साल से चल रही है। लेकिन अब तक उसे मूर्त रूप नही दिया गया है। इस पंचायत के पूर्व मुखिया ने भी कई बार आश्वासन दिया कि रोड बन जायगा । लेकिन स्थिति जस की तस बनी है। नव निर्वाचित मुखिया ने भी कहा कि मैं जल्द ही इस रोड को बनवा दूँगा।। लेकिन अभी तक कुछ कार्य नहीं हुआ है। अभी भी इस रोड के निवासी इसी बदतर स्थिति में रहने को मजबूर हैं। शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद आर्य कहते हैं कि जब बरही चौक से मात्र आधा किमी की दूरी पर स्थित मुहल्ला की सड़क जब इस तरह की है तो कल्पना किया जा सकता है कि दूर दराज की स्थिति कैसी होगी। मुहल्ले के लोगों को अब जनप्रतिनिधियों से मोह भंग होने लगा है। फिर भी उम्मीद बनी हुई है कि कब उन्हें कीचड़ युक्त सड़क से निजात मिलेगी।

## स्वास्थ्य दिवस पर विशेष

## संकलन : डॉ अनिल कुमार (चीफ एडवाइजर) अपेम वेलफ़ेयर फाउंडेशन



डॉ अनिल कुमार

**याद रखने योग्य महत्वपूर्ण बातें :**

एक स्वस्थ व्यक्ति की शारीरिक सामान्य प्रक्रिया

1. बीपी : 120/80
2. पल्स : 70 - 100
3. तापमान : 36.8 - 37 ब
4. सांस : 12-16
5. हीमोग्लोबिन : पुरुष - 13.50 - 18
   स्त्री - 11.50 - 16
6. कोलेस्ट्रॉल : 130 - 200
7. पोटेशियम : 3.50 - 5
8. सोडियम : 135 - 145
9. ट्राइग्लिसराइड्स : 220
10. शरीर में खून की मात्रा : पीसीवी 30 - 40:
11. शुगर लेवल : बच्चे (70 - 130)
    वयस्क (70 - 115)
12. आयरन : 8 - 15 मिलीग्राम
13. श्वेत रक्त कोशिकाएं WBC : 4000 - 11000
14. प्लेटलेट्स : 1,50,000 - 4,00,000
15. लाल रक्त कोशिकाएं RBC : 4.50 - 6 मिलियन
16. कैल्शियम : 8.6 - 10.3 मिलीग्राम/डीएल
17. विटामिन D3 : 20 - 50 एनजी/एमएल
18. विटामिन B12 : 200 - 900 पीजी/एमएल

वरिष्ठ यानि 40/ 50/ 60 वर्ष वालों के लिए विशेष टिप्स :1- पहला सुझाव : प्यास न लगे या जरुरत न हो तो भी हमेशा पानी पिएं, सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याएं और उनमें से ज्यादातर शरीर में पानी की कमी से होती हैं द्य 2 लीटर न्यूनतम प्रति दिन ।

2- दूसरा सुझाव : शरीर से अधिक से अधिक काम लें द्य शरीर को हिलना चाहिए, भले ही केवल पैदल चलकर, या तैराकी या किसी भी प्रकार के खेल से ।

3- तीसरा सुझाव : खाना कम करें, अधिक भोजन की लालसा को छोड़ दें, क्योंकि यह कभी अच्छा नहीं लाता है द्य अपने आप को वंचित न करें, लेकिन मात्रा कम करें द्य प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट आधारित खाद्य पदार्थों का अधिक प्रयोग करें ।

4- चौथा सुझाव : जितना हो सके वाहन का प्रयोग तब तक न करें जब तक कि अत्यंत आवश्यक न हो । आप कहीं जाते हैं किराना लेने, किसी से मिलने या किसी काम के लिए अपने पैरों पर चलने की कोशिश करें । लिफ्ट, एस्केलेटर का उपयोग करने के बजाय, सीढ़ियां चढ़ें ।

5- पांचवां सुझाव : क्रोध छोड़ें, चिंता छोड़ें, चीजों को नज़रअंदाज़ करने की कोशिश करें । विक्षोभ की स्थितियों में स्वयं को शामिल न करें, वे सभी स्वास्थ्य को कम करते हैं और आत्मा के वैभव को छीन लेते हैं। सक. ारात्मक लोगों से बात करें और उनकी बात सुनें ।

6- छठा सुझाव : सबसे पहले पैसे का मोह छोड़ दें । अपने आस-पास के लोगों से खूब मिलें जुलें, हंसें बोलें । पैसा जीने के लिए बनाया गया था, जीवन पैसे के लिए नहीं ।

7- सातवां सुझाव : अपने आप के लिए किसी तरह का अफ़सोस महसूस न करें, न ही किसी ऐसी चीज़ पर जिसे आप हासिल नहीं कर सके, और न ही ऐसी किसी चीज़ पर जिसे आप अपना नहीं सकते । इसे अनदेखा करें और इसे भूल जाएं ।

8- आठवां सुझाव : पैसा, पद, प्रतिष्ठा, शक्ति, सुन्दरता, जाति की ठसक और प्रभाव ,ये सभी चीजें हैं जो अहंकार से भर देती हैं । विनम्रता वह है जो लोगों को प्यार से आपके करीब लाती है ।

9- नौवां सुझाव : अगर आपके बाल सफेद हो गए हैं, तो इसका मतलब जीवन का अंत नहीं है । यह एक बेहतर जीवन की शुरुआत हो चुकी है । आशावादी बनें, याद के साथ जियें, यात्रा करें, आनंद लें, यादें बनाएं द्य

10- दसवां सुझाव : अपने से छोटों से भी प्रेम, सहानुभूति और अपनेपन से मिलें । कोई व्यंग्यात्मक बात न कहें । चेहरे पर मुस्कुराहट बनाकर रखें । अतीत में आप चाहे कितने ही बड़े पद पर रहे हों, वर्तमान में उसे भूल जायें और सबसे मिलजुलकर रहें ।

स्वास्थ्य दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भाजपाइयों ने हाथियों के द्वारा हुए नुकसान का जायजा लेने चलन्गदाग पहुंचे

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : 6 अक्टूबर को बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत आंगो पंचायत के चेलंगदाग गांव में 23 हाथियों के झुंड के द्वारा चार घरों को ध्वस्त करने एवं उत्पात मचाने की खबर को सुनकर बड़कागांव भाजपा पूर्वी उरीमारी मंडल का शिष्टमंडल पिडित परिवार से मिलने पहुंचा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, उपाध्यक्ष अशोक साव, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी ने पिडित परिवार से मुलाकात किया एवं नुकसान हुए घर व खाद्य सामग्री का निरीक्षण किया एवं गहरा दुख व्यक्त किया। पिडिता रींपा देवी पति पचु गंझू एवं सुनीता देवी पति बलकु गंझु ने बातचीत के दौरान बताया कि हाथियों का झुंड अचानक आ पहुंचा। हल्ला सुनकर हमलोग घर से बाहर निकले नहीं तो किसी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। इस दौरान घर में रखे चावल, गेहूं, मुर्गी, बकरी समेत पूरे घर को तोड फोड़ कर बर्बाद कर दिया, इस भरी बरसात में हमलोगों को बेघर होना पड़ा। एवं खेतों में लगे फसलों को भी बर्बाद कर दिया। वहीं इस दौरान वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि बेचन साव ने पिडित परिवार को उचित दिशा निर्देश देते हुए हाथी से दूरी बनाकर रखने एवं पहले अपनी जान की सुरक्षा करने की बात कही। उन्होंने वन क्षेत्र पदाधिकारी से आग्रह किया कि यथाशीघ्र पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति किया जाए ताकि उनका जीविकोपार्जन एवं रहने खाने में किसी प्रकार का कोई असुविधा ना हो एवं हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग तत्परता दिखाएं ताकि आने वाले दिनों में पुनः जान माल की किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना ना घटे। साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्रों में हाथी भगाने के लिए लंबी दूरी का टार्च एवं मसाल की व्यवस्था ग्रामीणों को मुहैया कराया जाए।

## बेहतर कार्य के लिए आपदा मित्र ने चौपारण थाना प्रभारी को किया सम्मानित

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बीते दुर्गा पूजा को शान्तीपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने व हाल ही में दनुवा घाटी में गैस टैंकर पलटी होने के बाद उतपन्न खतरे बेहतर तरीके से निपटाने के लिए चौपारण आपदा मित्र ने थाना प्रभारी शम्भू नन्द ईश्वर को सम्मानित किया। इस संदर्भ में आपदा मित्र के सक्रिय सदस्य रोहित जैन व पत्रकार शशि शेखर ने बताया कि चौपारण थाना में पदस्थापन के अल्प अवधि में ही थाना प्रभारी ने अपने कार्यकुशलता से चौपारण वासियो का दिल जीत लिया। थाना प्रभारी का कार्यकाल सराहनीय है। बताया 26 पंचायतो का प्रखण्ड में छिटपुट घटनाओं के बावजूद दुर्गा पूजा शान्ती पूर्ण सम्पन्न हुवा। साथ ही दनुवा घाटी में गैस टैंकर पलटने से उसका रिसाव कई किलो तक फैल गया था। देखते ही देखते जीटी रोड पर गाडियो का लंबी कतार लग गया। आवगमन पूरी तरह ठप हो गया था लेकिन विपरीत परिस्थितियों में जान हथेली पर रखकर थाना प्रभारी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर रातभर राहत एम बचाव कार्य मे लगकर स्थिति नियंत्रण में लाया। आपदा टीम भी उनके सहयोग के लिए आभारी हैं। उनके बेहतर और उज्जवल भविष्य की कामना करता है। इस दौरान आपदा मित्र बिनोद स्वर्णकार, रोहित जैन,दिलीप राणा, मनीष कुमार, रवि कुमार, राजन कुमार आदि ने पूरी टीम की ओर से सम्मानित किया।




## कान्हाचट्टी के एकलौता अस्पताल की खास्ता हाल

### बगैर डॉक्टर के संचालित हो रहा है कान्हाचट्टी के स्वास्थ्य केंद्र

### अस्सी हजार की जनसंख्या भगवान भरोसे,मंत्री और सांसद का आश्वासन भी हुआ फेल





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : भले ही राज्य सरकार कहती है की स्वास्थ्य सुविधा सभी को मुहैया कराया जाएगा,लेकिन यह केवल कहावत ही बन कर रह गया है।आज के इस युग मे भी लीग बड़ी बीमारी छोड़ दीजिए तो छोटी मोटी बीमारी में भी चाहे चतरा हज़ारीबाग जाकर इलाज कराने को मजबूर हैं या फिर ग्रामीण चिकित्सक पर आश्रित रहना पड़ता है।आखिर कान्हाचट्टी प्रखण्ड की अस्सी हजार जनसंख्या कब तक ग्रामीण चिकित्सक या हजारीबाग या चतरा पर निर्भर रहेगी।कान्हाचट्टी अस्पताल में करोड़ो रूपये की लागत से भले ही बिल्डिंग बना दिया गया है, भले ही उपायुक्त के प्रयास से एम्बुलेंस स्वास्थ्य केंद्र को उपलब्ध करा दिया गया है,लेकिन जब एक भी डॉक्टर ही नहीं रहेगा तो एम्बुलेंस से भेजने के लिए रेफर कौन करेगा।आज के वर्तमान समय मे कान्हाचट्टी में लगभग अस्सी हजार जनसंख्या निवास कर रही है,लेकिन इस जनसंख्या को में से कोई अचानक भी बीमार पड़ जाय तो उन्हें इलाज के लिए कोई भी सरकारी ब्यवस्था नहीं है।स्वास्थ्य केंद्र केवल खानापूर्ति के लिए कुछ स्टाफ है भी वो गायब ही रहते हैं।चुकी उन्हें देखरेख करने वाला कोई भी नहीं है।एक जो प्रभारी हैं वो कभी कभार अस्पताल पहुंचते हैं।इधर जमरी बक्सपुरा पंचायत के मुखिया आफताब हुसैन ने कहा कि कान्हाचट्टी अस्पताल में केवल खाना पूर्ति हो रहा है।चुकी कान्हाचट्टी स्वास्थ्य केंद्र में जिनका पोस्टिंग है उन्हें पिछले दो वर्षो से उनका प्रतिनियुक्ति चतरा सदर अस्पताल कर दिया गया है।उन्होंने कहा कि यदि अस्पताल में डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नहीं होती है तो मैं डॉक्टर जब तक नहीं उपलब्ध कराया जाता है तब तक आमरण अनशन पर बैठेंगे।वहीं दूसरी तरफ पंचायत प्रतिनिधियों ने भी उपायुक्त से स्वास्थ्य केंद्र में जल्द से जल्द डॉक्टर उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।ग्रामीणों कहा को कई बार चिकित्सक अस्पताल में उपलब्ध कराने को लेकर माननीय मंत्री एवं सांसद को भी कहा गया परन्तु कई बार आश्वाशन के बाद भी आज तक डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नहीं हुई।जिसके कारण ग्रामीणों में सांसद और मंत्री के प्रति नाराजगी भी है।

## एंबुलेंस ड्राइवर व सतगावां पुलिस ने एक दूसरे पर तू-तू मैं-मैं व मारपीट का लगाया आरोप,झगड़े में एंबुलेंस का शीशा टूटा





**अपेम लाइव : संतगांवा**
**विकाश पांडेय**

सतगावां थाना क्षेत्र के नासरगंज चेक पोस्ट के समीप शुक्रवार की देर रात्रि लगभग 12:00 बजे एम्बुलेंस चालक व सतगावां पुलिसकर्मी के बीच तू-तू मैं-मैं से लेकर मारपीट व एम्बुलेंस को क्षतिग्रस्त होने का मामला प्रकाश में आया है एम्बुलेंस चालक सुजीत कुमार यादव व स्वास्थ्य विभाग के कर्मी ,रविन्द्र पांडेय,ईएमटी राकेश कुमार व उत्तम कुमार ने एंबुलेंस वाहन चालक व अन्य कर्मियों के साथ मारपीट व अभद्र व्यवहार करने का आरोप सतगावां पुलिसकर्मी पर लगाया है ।इस संबंध में एंबुलेंस चालक सुजीत कुमार यादव ,राकेश कुमार, इएमटी उत्तम कुमार, पीएचसी के रविंद्र पांडे ने सतगावां थाना में एक आवेदन देकर आवेदन के जरिए कहा है कि शुक्रवार की रात्रि वे एंबुलेंस वाहन संख्या जेएच 018 सी एच 3090व जेएच 01 डीएम 5457 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां से मारपीट में घायल व दुर्घटनाग्रस्त मरीज को लेकर सदर अस्पताल कोडरमा से छोड़कर लौट रहे थे। इसी क्रम में नासरगंज चेक पोस्ट पर तैनात सतगावां पुलिस कर्मी नशे में धूत होकर कमलेश शर्मा व अन्य के द्वारा एंबुलेंस का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया गया ।व एंबुलेंस चालक सुजीत कुमार यादव ,ईएमटी उत्तम कुमार, राकेश कुमार व पीएससी के कर्मी रविंद्र पांडे को जमकर धुनाई कर दी और अभद्र व्यवहार गाली गलौज भी दिए ।इसकी सूचना जब सुजीत कुमार यादव ने अपने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सत्यनारायण भगत को दी तो उनके द्वारा सतगावां थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैद्य को बुलाकर घटना की जानकारी दी गई ।इसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा इसकी सूचना जिला चिकित्सा पदाधिकारी कोड. रमा,एसपी कोडरमा, डीसी कोडरमा को दी गई, उनके निर्देश पर सतगावां थाना पुलिस को एक आवेदन दे दी गई और कार्रवाई की मांग की गई ।इधर इस घटना से आक्रोशित स्वास्थ्य कर्मियों ने स्वास्थ्य केंद्र ओपीडी सेवा बंद कर दी गई और स्वास्थ्य कर्मियों का धरना मे विभिन्न माँगो को लेकर बैठ गए। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि सतगावां पुलिस के द्वारा किये गए मारपीट पर अविलंब कार. वाई की जाए। ।इसी मामले को लेकर शनिवार को सभी स्वास्थ्य कर्मी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ताला मार कर धरने पर बैठ गए। वहीं स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा धरना प्रदर्शन की सूचना पर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर बीडीओ बैधनाथ उरांव व थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैध, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सत्यनारायण भगत ने आक्रोशित कर्मियों को समझा बुझाकर दोनों ओर से लिखित रूप से समझौता किया गया जहाँ दोनों पक्षों की ओर से लिखित रूप से समझौता किया गया वहीं स्वास्थ्य सेवा 1:30 बजे तक पूर्ण रूप से बाधित रहा, घंटो मरीज इलाज के लिए इंतजार में बैठे वहीं पु. लिसकर्मी कमलेश शर्मा व अन्य ने बताया कि हमलोग खाना खाकर आ रहे थे इसी क्रम में चेकपोस्ट पर एम्बुलेंस लगा था जिससे जाम की स्थिति बनी थी इसी को लेकर जब एम्बुलेंस चालक व अन्य लोगों को एम्बुलेंस हटाने को कहा इसी दौरान एम्बुलेंस चालक व अन्य कर्मियों के द्वारा बेतमीजी व मारपीट करने लगे इसी को लेकर आपसी विवाद बढ़ गया।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## ग्रामीणों ने नदी पर पुल निर्माण की मांग का मुद्द उठाया

### मुखिया की अध्यक्षता में ग्राम स्तरीय बैठक कर तैयार की गई आगे की रणनीति

**अपेम लाइव : संतगांवा**
**विकाश पांडेय**



कोठियार ग्राम पंचायत के सुदूरवर्ती ग्राम पचाने में सोवा नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्राम स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, बैठक की अध्यक्षता कोठियार पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र कुमार एवं संचालन आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी के द्वारा किया गया, बैठक में पचाने एवं हददवा स्थित सोवा नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विस्तार से चर्चा करते हुए पुल न होने की वजह से आ रही समस्याओं की तरफ मुखिया का ध्यान आकृष्ट करवाते हुए संयुक्त रूप से पुल निर्माण को लेकर ग्राम स्तर पर दस्तखत करवाते हुए आवेदन तैयार करने एवं जिला मुख्यालय तक जाने हेतू आगामी रणनीति भी तय की गई , नीरू पहाड़ी से सपही – जानपुर के रास्ते सुदूरवर्ती गांव पचाने, हददवा एवं दोनैया के रास्ते करचौता होते हुए यह पथ सतगांवा से नवादा, देवघर एवं गिरिडीह को जोड़ती है ,कोठियार पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र कुमार ने बताया की रोजाना इस पथ से हजारों लोग गुजरते हैं,नदी पर पुल न होने की वजह से बरसात के दिनों में पचाने एवं हददवा गांव टापू में तब्दील हो जाता है, नदी में पानी का बहाव तेज होने की वजह से बच्चे उच्च विद्यालय, पचाने नहीं पहुंच पाते,प्रसव हेतू मातृशक्तियों को चारपाई पर लिटाकर नदी पार करवाना पड़ता है, दोनों नदियों पर पुल निर्माण को लेकर हम लोगों ने आगे की रणनीति तय की है, जिस पर हम लोग संयुक्त रूप से काम करेंगे, पचाने एवं हददवा स्थित नदी पर पुल एवं गढ़वाल की मांग को लेकर कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री, स्थानीय विधायक एवं जिला उपायुक्त कोडरमा से मुलाक़ात कर मांग पत्र सौपते हुए अतिशीघ्र इस पर पहल करने का आग्रह किया जाएगा, ग्राम स्तरीय बैठक में ब्रह्मदेव राय,जागेश्वर राय,जागेश्वर राय, बबलू राय, पुनीत राय, छोटू राय,संजय राय,रीना देवी,बसंती देवी,परमेश्वरी देवी, आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, मोती सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे,

## चंदवारा मनमानी तरीके से डेढ़ किलो चावल मार लेती है सरस्वती महिला मंडल

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



कोडरमा चंदवारा पश्चिमी चिलौडीह गांव जन वितरण प्रणाली के सरस्वती महिला मंडल डीलर के द्वारा मनमानी तरीके से राशन वितरण किया जाता है बता दे कि राशन वितरण जन प्रति 5ाह दिया जाना सुनिश्चित किया गया है एवं बायोमैट्री द्वारा राशन दिया जाता है लेकिन जन प्रति डेढ़ किलो वजन मार लिया जाता है लेकिन जब फिंगरप्रिंट्स लेने के समय पूरे इलेक्ट्र०निक तराजू पर 5 केजी मापा जाता है लेकिन ग्राहक को देने के समय पुणरू दूसरी तराजू पर माप कर डेढ़ किलो कम दिया जाता है जब ग्राहकों के द्वारा इसका विरोध किया जाता है तो वे लोग यह बता कर पल्ला झाड़ लेती है कि राशन ही हम लोग को कम दिया जाता है विरोध करने पर वे लोग बोलती है जहां जाना है जाओ जो करना है कर लो हम लोग कम ही अनाज का वितरण करेंगे स्थानीय ग्राहकों ने बताया कि यह लोग कम चावल वितरण करके बचे हुए चावल को आपस में बांट लेती है और घर ले जाती हैं एवं स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा बार-बार इसका विरोध किया जा रहा है लेकिन कोई भी अधिकारी इसका जांच नहीं कर रहे हैं

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का 12 अक्टूबर से पुनः होगा शुरुवात : बीडीओ

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



चौपारण : प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में आगामी 12 अक्टूबर से शुरू हो रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रखण्ड के सभी मुखीया व पंचायत सचिव उपस्तिथ हुए। बीडीओ प्रेमचन्द सिन्हा ने सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने को लेकर पूरी विस्तृत जानकारी दी। इस सम्बंध में बीडीओ प्रेमचन्द सिन्हा ने बताया कि पंचायत में ही आम नागरिकों के आवेदन लिए जाएंगे व निष्पादित किए जाएंगे। जिसमें आवेदको को पूरा दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत करना होगा।कार्यक्रम के तहत आम लोगों को राज्य सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 5लाख नए ग्रीन राशन कार्ड उपलब्ध कराना,सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना अंतर्गत सुयोग्य लाभुकों का आवेदन प्राप्त करना तथा जाँचोपरान्त योजना के लाभान्वित को इसकी सूचना उपलब्ध कराना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करना सर्वजन पेंशन योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन प्राप्त कर जांच उपरांत स्वीकृति प्रदान करना, मनरेगा अंतर्गत प्रत्येक गांव में 55 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करना,15वें वित्त आयोग के वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध शतप्रतिशत योजनाओं को स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ करना, धोती-साड़ी, लुंगी,कंबल का वितरण,किसानों को बब मुहैया कराना, वित्तीय वर्ष 2022-23 तक अद्यतन भू लगान रसीद निर्गत करना, असंगठित मजदूर को ई श्रम तथा प्रवासी मजदूरों/परिवारों को श्रमाधान पोर्टल पर निबंध, राशन कार्ड को आधार से लिंक, धान अधिप्राप्ति हेतु किसानों का निबंधन, हड़ीया व्यापार में संलग्न महिलाओं को जेएसएलपीएस के माध्यम से वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराना सेवा अधिकार के तहत प्रमाण पत्रों के प्राप्त आवेदनों का निष्पादन करना बिजली तथा पेयजल से संबंधित समस्याओं का निपटारा करना राज्य सरकार के अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं इसकी स्वीकृति हेतु आवेदन प्राप्त करने के लिए कार्यक्रम के तहत उक्त स्टालों को लगाया जाएगा। इस दौरान समस्त विभाग के कर्मियों को शक्ति से कार्य करने का निर्देश दिया गया है।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार